तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 14 जुलाई 2024



10 प्रवेशोत्सव पर छात्रों को बांटी गई पुस्तकें और गणवेश





11 आत्मानंद स्कूल में जनप्रतिनिधियों ने लगाए फलदार और छायादार पौधे






# बारिश के इंतजार में धान सहित अन्य फसलों की बोनी अटकी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

आषाढ़ माह के पहले सप्ताह में अपेक्षित बारिश नहीं होने से खरीफ फसलों की बोआई थमने लगी है। करीब पखवाड़े भर पहले बारिश होने के बाद खेतों में नमी आ गई थी।

किसानों ने धान, सोयाबीन, अरहर आदि फसल की बोआई करना शुरू कर दिया था। सप्ताह भर से बारिश नहीं होने से खेतों की नमी चली गई है, जिससे बोआई का काम रूक गया है। जिन खेतों में बोआई हो चुकी थी, वहां अंकुरण नहीं होने या कम होने की समस्या खड़ी हो गई है। क्षेत्र में बीते चार दिनों से बादल छाए है पर बारिश नहीं हो रही है।

## खेतों में नमी समाप्ति की ओर, अंचल के किसानों में बढ़ रही बेचैनी



### 1300 की डीएपी बाजार में बिक रही 1600 में

फसल बोआई के शुरूआत में ही किसानों को डीएपी खाद की कमी से जूझना पड़ रहा है। सोसायटी में डीएपी खाद का स्टाक खत्म हो गया है। जानकारी के अनुसार खाद डिमांड की अपेक्षा आधे से भी कम उपलब्ध कराया गयाथा। जिससे किसानों को पर्याप्त खाद नहीं मिल पाई। कुछ किसानों को डीएपी खाद ही मिली है किसानों को लगभग 300 रूपए अतिरिक्त देकर बाजार से खाद खरीदना पड़ रहा है। कुछ सोसायटी किसानों को एक या दो बोरी डीएपी खाद देकर संतुष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है।

साधन संपन्न किसान बोर के माध्यम से तैयार हो चुके पौधों को जैसे तैसे रोपण कर रहे हैं पर यहां भी बढ़वार रूकने तथा पौधों में पीलापन की शिकायत देखी जा रही है। किसानों ने बताया कि धान के बेहतर उत्पादन के लिए महंगे में धान का बीज खरीद कर लाए थे, जिसमें बीज के बराबर धान का छिलका निकल रहा है।

### बोर भी देने लगे जवाब

बीते दस दिनों से बारिश नहीं होने तथा लगातार बोर चलने से क्षेत्र के अधिकांश बोर जवाब देने लगे हैं। किसानों ने बताया कि बोर से पर्याप्त जल नहीं निकल रहा है। कुछ बोर बंद हो गए हैं।

## खबर संक्षेप

### सांसद बृजमोहन आज आयेंगे होगा जोशीला स्वागत



**बलौदाबाजार।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित होने पश्चात बृजमोहन अग्रवाल का प्रथम बलौदाबाजार आगमन रविवार को होने जा रहा है। इसमें कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। उनका सबसे पहले स्वागत कार्यक्रम कुकुरदी बाईपास चौक पर होगा। इसके बाद वे नगर भवन में आयोजित विधानसभा स्तरीय मतदाता सम्मान समारोह में शामिल होंगे, जहां पार्टी एवं नगर के आमजन उपस्थित रहेंगे।

### नशेड़ी बेटे ने मां पर डंडे से किया हमला, हुई मौत



**भटगांव।** अवैध महुआ शराब के चलते सारंगढ़ नगर सीमा बाबाकुटी से लगे ग्राम झरपडीह में बेटे ने अपनी मां पर तवे डंडा से हमला कर दिया और मां की मृत्यु हो गई। उक्त विषय में कहीं पर भी पुलिस प्रशासन गंभीर नजर नहीं आयी। हमला हुआ 3 दिन बीत जाने के बाद वृद्ध महिला की मृत्यु के बाद अंततः बेटे को पुलिस ने गिरफ्तार किया। क्या है पूरा मामला प्रदत्त जानकारी के अनुसार व सारंगढ़ नगर पालिका बाबाकुटी वार्ड क्रमांक 5 से लगे प्रथम ग्राम झरपडीह में 7 जुलाई को गांव के ही एक नशेड़ी युवक आरोपी भोजराम सिदार पिता फिरतु सिदार उम्र 32 वर्ष ने नशे में अपनी ही मां के ऊपर तवे डंडा हाथ मुक्का से हमला कर दिया। वृद्ध महिला के चेहरे पर गंभीर चोटे आई, इसके बाद परिवार जन तत्काल सारंगढ़ अस्पताल पहुंचा प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें 8 जुलाई को रायगढ़ रेफर कर दिया गया और वहां से परिवारजनों ने उसे रायपुर के लिए उपचार हेतु निकले, तब तक वृद्ध महिला सावित्री बाई पति फिरतु राम सादर उम्र 65 वर्ष की मौत हो गई। उक्त परिवार को नशे का आदि बताया जा रहा है और प्रतिदिन बाप ▸▸ शेष पेज 10 पर

## विभिन्न प्रकरणों के निराकरण में समझौता राशि 2 करोड़ 64 लाख मिली

# नेशनल लोक अदालत के द्वितीय चरण में 7995 प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदबाजार

जिले के जिला न्यायालय बलौदाबाजार, व्यवहार न्यायालय भाटापारा, कसडोल, सिमगा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ राकेश बिहारी घोरे प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया। शुभारंभ में न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण, कर्मचारीगण, विभिन्न बैंक के प्रबंधक मीडिया प्रतिनिधि, पैरालीगल वॉलिटियर, प्रकरणों के पक्षकार उपस्थित रहें।वहीं दीपक कुमार तिवारी न्यायाधीश छत्तीसगढ़ ने उच्च न्यायालय बिलासपुर को शनिवार को जिला न्यायालय बलौदाबाजार एवं व्यवहार न्यायालय भाटापारा में उपस्थित हुए उनके द्वारा नेशनल लोक अदालत में गठित खंडपीठ का एवं न्यायालय परिसर का भम्रण किया। उन्होंने खंडपीठ के पीठासीन अधिकारियों से लोक अदालत में निराकृत प्रकरण की संख्यात्मक जानकारी लेते हुए कहा कि पक्षकारों को राजीनामा किये जाने हेतु प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक प्रकरण राजीनामा के आधार पर निराकृत किये जाने का प्रयास किया जाए।





### नेशनल लोक अदालत : 162 मामलों का हुआ निराकरण



**बिलाईगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के अध्यक्ष अरविंद कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन में, अध्यक्ष सविता सिंह ठाकुर तालुका विधिक सेवा समिति भटगांव के द्वारा शनिवार को द्वितीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन और व्यवहार न्यायालय परिसर भटगांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित सभी सदस्यों को लोक अदालत एवं विधिक सहायता एवं विभिन्न नियमों एवं अधिनियमों के संबंध में विधिक जानकारी दी गई। व्यवहार न्यायालय भटगांव में आयोजित होने वाले इस वर्ष के द्वितीय नेशनल लोक अदालत में 239 लंबित प्रकरण सुनवाई के लिस रखा गया, जिसमें से कुल 162 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। इसी तारतम्य में व्यवहार न्यायालय बिलाईगढ़ के भी मामलों का भटगांव न्यायालय में 70 लंबित प्रकरणों को सुनवाई के लिए रखा गया, जिसमें से 25 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया।

नेशनल लोक अदालत के लिए कुल 12 खण्डपीठ का गठन किया गया है। परिवार न्यायालय बलौदाबाजार हेतु 1 खण्डपीठ , जिला न्यायालय हेतु 6, तहसील न्यायालय भाटापारा हेतु 3 तथा तहसील न्यायालय कसडोल,सिमगा हेतु 1–1 खंडपीठ का गठन किया गया है। इसमें कुल 1751 न्यायालयीन प्रकरण तथा 6244 प्रीलिटिगेशन प्रकरण निराकृत हुए। इसमें कुल समझौता राशि 2 करोड़ 64 लाख रही। निराकृत हुए प्रकरण में 273 दांडिक प्रकरण, 18 व्यवहार वाद, 7 विद्युत प्रकरण, 740 ट्रैफिक चालान मामले, 629 चेक अनादरण के प्रकरण, 22 मोटर दुर्घटना के प्रकरण, 6 पारिवारिक प्रकरण, 8 श्रम विवाद प्रकरण, 50 अन्य मामले निराकृत हुए। राजस्व न्यायालय के कुल 4963 प्रकरण निराकृत हुए। कुल 7995 प्रकरण नेशनल लोक अदालत में निराकृत हुए।

# करंट लगने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा

रात्रि में ढाबा में खाना खाने के बाद अंधेरे में यूरीन के लिए गया युवक वहां स्थित ट्रांसफार्मर से अचानक टकरा गया, इस बीच वह करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम की तथा पंचनाम कर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार मृतक रामकिशोर सिंह पिता पंकज सिंह 40 वर्ष पड़ाव चौक मुंगेली जो 12 जुलाई को दोपहर 2 बजे इनोवा क्रमांक सीजी 28 एम एम 9528 में मुंगेली से राजकिशोर सिंह, गोलू यादव, संतोष सप्रे, रेखा राम काम से महासमुंद गए थे। वहां से लौटते समय खाना खाने रात्रि 11 बजे लिमतरा चौक स्थित गुलाब ढाबा में रुके, तभी रामकिशोर खाना खाकर यूरिन करने के लिए ढाबा के बाहर निकला। रात्रि के अंधेरे में पास में लगे ट्रांसफार्मर को देख नहीं पाया और करंट के चपेट में आ गया, जिसे तत्काल सिमगा के अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

# चंद्रपुर में हाईवा, ट्रेलर एवं भारी मालवाहकों का प्रवेश प्रतिबंधित

- सड़क निर्माण पूर्ण होने तक प्रतिबंध रहेगा प्रभावशील

**मुड़पार-सरसीवा।** चंद्रपुर में हाईवा, ट्रेलर एवं ट्रक तथा अन्य भारी वाहनों का मां चन्द्रहासिनी मंदिर बैरियर से कोतरी नाला तक 9 जुलाई से गौरव पथ सड़क निर्माण कार्य समाप्ति तक प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। यह रूट डायवर्सन आदेश गौरव पथ निर्माण कार्य पूर्ण होने तक प्रभावशील होगा। एसडीएम डभरा जिला सक्ती ने पूर्व के आदेशों को संशोधित करते हुये एवं वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुये भारी वाहन हाईवा, ट्रेलर एवं ट्रक तथा अन्य भारी वाहन जो कि सारंगढ़ से रायगढ़ तथा रायगढ़ से सारंगढ़ को जाती है, उनको टिमरलगा तिराहा से मार्ग परिवर्तित कर सरिया, पुसौर, कोड़ातराई लगभग 30 किलो मीटर का मार्ग व्यपवर्तित किया गया है। छोटे वाहन तथा बस अपने नियत मार्ग पर ही चलेंगे। इससे मां चन्द्रहासिनी मंदिर बेरियर से कोतरी नाला तक सड़क निर्माण कार्य का तीव्र, सुचारू संपादन, निर्माण क्षेत्र में भारी वाहनों के प्रवेश और आवागमन से सड़क को होने वाले नुकसान से बचाया जाएगा।

# स्पोकन इंग्लिश वर्कशॉप का प्रथम चरण पूरा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- 37 संकुल के शिक्षकों ने लिया हिस्सा

प्राथमिक शिक्षकों के उन्मुखीकरण के लिए पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश वर्कशॉप का आयोजन विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केंद्र समग्र शिक्षा बलौदाबाजार में एनसीईआरटी के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। अनिवार्य प्रशिक्षण के अंतर्गत प्रथम चरण का वर्कशॉप सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के समापन पर जिला शिक्षा अधिकार हिमांशु भारतीय उपस्थित थे। उन्होंने आशीर्वचन देकर शिक्षकों को प्रेरित किया। इसका आयोजन विकासखंड स्त्रोत समन्वयक बलोदाबाजार परिसर में किया गया। छत्तीसगढ़ शिक्षा विभाग की इस अति महात्वाकांक्षी प्रशिक्षण को विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण के तौर पर प्रशिक्षण प्रभारी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अविनाश तिवारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र टंडन के मुख्य संयोजन में यह पांच दिवसीय वर्कशॉप आयोजित किया गया। विकासखंड के समस्त 37 संकुलों से प्राथमिक ▸▸ शेष पेज 10 पर

# इंटरसेप्टर वाहन से होगी यातायात नियमों की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

- पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इंटरसेप्शन वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

रक्षित केंद्र बलौदाबाजार से पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा नए इंटरसेप्शन वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उल्लेखनीय है कि सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण, तेज रफ्तार वाहनों एवं यातायात नियम तोड़ने वाले चालकों पर शिकंजा कसने में इंटरसेप्टर वाहन बखूबी काम आएंगे। यह इंटरसेप्टर वाहन कई अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इन वाहनों के मिलने से जिले में ओवर स्प्रीडिंग, ड्रिंक एंड ड्राइव और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। यह वाहन स्पीड रडारगन, ब्रेक एनालाइजर, सर्विलांस कैमरे से भी लैस है। चेकिंग के दौरान वाहनों में लगे ग्लास की पारदर्शिता और ध्वनि तीव्रता की भी जांच इन वाहनों में लगे उपकरणों के माध्यम से की जावेगी।





### ब्रेथ एनालाइजर, सर्विलेंस कैमरा एवं अन्य सुविधाओं से लैस है वाहन

निश्चित ही इन सुविधाओं से लैस इंटरसेप्टर वाहनों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी, साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्यवाही भी कड़ी की जाएगी। सड़क सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। यातायात नियमों का पालन सुरक्षित यात्र की गारंटी है और इससे अन्य वाहन चालकों में भी सुरक्षा का भाव पैदा होता है। जिला बलौदाबाजार–भाटापारा का उद्देश्य लोगों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करना है। नए इंटरसेप्टर वाहनों के मिलने से यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों की पहचान कर त्वरित कार्रवाई की जा सकेगी। इन वाहनों में ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा 360 डिग्री निगरानी के लिए सर्विलांस कैमरा भी हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की बेहतर निगरानी और सुगम यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# गांजा परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलाईगढ़

- आबकारी विभाग की टीम ने की कार्रवाई

आबकारी विभाग वृत्त बिलाईगढ़ को मुखबिर सूचना मिली की ग्राम मल्दी से रामपुर की ओर एक दो पहिया वाहन में दो लोग अवैध मादक पदार्थ गांजा को विक्रय करने परिवहन करके जाने वाले हैं। सूचना की पुष्टि होने के पश्चात मुखबिर सूचना पंचनामा तैयार किया गया तथा जिला आबकारी अधिकारी को फोन पर इस संबंध में सूचित करते हुए गवाहों को नोटिस देकर आबकारी टीम के साथ बताए गए स्थान पर तत्काल उपस्थित हुए। मल्दी-रामपुर मार्ग में एक संदिग्ध दो पहिया वाहन आते दिखा। टीम को आते देख चालक वाहन को मोड़कर भागने का प्रयास किया, जिसे दौड़ा कर रुकवाया गया और गवाहों के समक्ष दोनों संदेहियों से पूछताछ की गई। उनके पास बैग 8 नग झिल्ली में पत्ती नुमा बीज युक्त गांजा मिला। आरोपियों को एन डी पी एस अधिनियम 1985 की धारा ▸▸ शेष पेज 10 पर

# तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार संघ की हड़ताल स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिमगा



छत्तीसगढ़ कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनर तले तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार तीन दिवसीय हड़ताल में चले गए थे। हड़ताल के तीसरे दिन संघ के प्रांताध्यक्ष नीलमणि दुबे ने अपनी कार्यकारिणी के साथ राजस्व सचिव अविनाश चंपावत से मुलाकात कर संघ की मांगों पर बिंदुवार चर्चा की, जिसमें उनके द्वारा सभी मांगों पर किये जा रहे कार्यवाही से अवगत कराया। संशाधन, सुरक्षा, पदोन्नति, राजपत्रित अधिकारी संबंधित विभाग से जारी पत्रों पर कार्यवाही का आश्वासन देकर समय देते हुए हड़ताल स्थगित किये जाने की मांग की गई। इस पर संघ की कार्यकारिणी द्वारा सभी सदस्यों से चर्चा उपरांत आमजनमानस के कार्यों के प्रभावित होने के दृष्टिगत सशर्त हड़ताल 22 जुलाई तक के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया गया। यदि शासन की ओर से 19 जुलाई तक उचित पहल नहीं होती है तो पुनः प्रदेश के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार 22 जुलाई से हड़ताल ▸▸ शेष पेज 10

### शासन मांगें नहीं मानी तो 22 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जायेगा संघ

इसके साथ ही जजेस प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की फाइल आगे बढ़ी है, परन्तु तहसीलदारों की न्यायालय वार सुरक्षा एवं अधीक्षक सहायक अधीक्षक, भू अभिलेख को तहसीलदार बनाये जाने एवं तहसीलदार नायब तहसीलदार को उनके पद के विपरीत अटैच किए जाने के संबंध अभी तक किसी भी प्रकार के ठोस कदम नहीं उठाये जाने पर 10 दिन का अल्टीमेटम दिया गया है। इन 10 दिनों में यदि सभी राजस्व न्यायालयों में सुरक्षा के ▸▸ शेष पेज 10 पर


पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468



एजेन्सी देना है...

हरिभूमि समाचार पत्र बलौदाबाजार जिला के अंतर्गत **भैंसा, सेल** एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत **टुण्ड्री** में एजेंसी देना है।

समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता। सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।

हरिभूमि कार्यालय, रायपुर

धमतरी रोड, रायपुर (छ.ग.)

मो. 8370049468, 9098595071

## खबर संक्षेप

### श्रमिक सम्मान समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे शामिल

**सिमगा।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने बताया की 22 जुलाई को रायपुर में होने वाली प्रदेश स्तरीय श्रमिक सम्मान समारोह कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। इस सम्मान समारोह के माध्यम से निश्चित ही श्रमिकों के लिए नये कार्य करने के तरीकों के साथ नये योजनाओं का क्रियान्वयन करने का एक शुभ अवसर होगा। इसके माध्यम से शासन द्वारा दिये गये योजनाओं को श्रमिकों तक पहुंचाने का एक मात्र उद्देश्य होगा, ताकि श्रमिकों को शासन की योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा मिल सके।

### खमतराई शराब भट्ठी संचालक पर 31 हजार जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम की स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणीग्रही ने स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों के प्रतिदिन दैनिक स्वच्छता निरीक्षण के दौरान जोन-1 के तहत खमतराई क्षेत्र में ब्रिज के नीचे के नाले में जबरदस्त गंदगी खमतराई शराब भट्ठी के समीप देखी। शराब भट्ठी के लोगों द्वारा नाले में जबरदस्त गंदगी फैलाया जाना पाया गया। जिस कारण नाले की निकास व्यवस्था पूरी तरह अवरुद्ध हो रही थी। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का क्रय-विक्रय होना स्थल पर पाया गया और इससे संबंधित प्राप्त जनशिकायत सही मिली। जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन को संबंधित खमतराई क्षेत्र शराब भट्ठी के संचालक पर तत्काल 31 हजार रुपए जुर्माना करने के निर्देश दिए। साथ ही शराब भट्ठी संचालक को कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### मोटर स्पिरिट अधिनियम निरस्त करने की मांग

**रायपुर।** छग पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल को ज्ञापन सौंपकर मध्यप्रदेश मोटर स्पिरिट एवं हाईस्पीड डीजल ऑयल अधिनियम 1980 को निरस्त करने की मांग की है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजय पाण्डेय ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि उक्त अधिनियम को मध्यप्रदेश सरकार द्वारा 31 जुलाई 2020 को निरस्त किया जा चुका है, लेकिन छत्तीसगढ़ में यह अब भी लागू है, इसलिए यहां भी इस अधिनियम को निरस्त किया जाना चाहिए।

### चैंबर के इतिहास में पहली बार बने 10 हजार से अधिक सदस्य

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान कार्यकाल में चैंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में 10 हजार से अधिक चैंबर सदस्य बने हैं। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में शुक्रवार को चैंबर भवन में केक सेरेमनी का आयोजन किया गया। चैंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री पारवानी ने इस मौके पर कहा, ये मेरे लिए बहुत भावुक कर देने वाला क्षण है। यह उपलब्धि चैंबर के सभी व्यापारी भाइयों की उपलब्धि है।

# शाला प्रवेशोत्सव में छात्रों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बिलाईगढ़ में ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुभाष जालान जिला अध्यक्ष भाजपा, अध्यक्षता रामनारायण देवांगन, अध्यक्ष नगर पंचायत बिलाईगढ़, नरेश देवांगन उपाध्यक्ष नगर पंचायत बिलाईगढ़, भूपेन्द्र विक्रांत साहू सभापति जिला बलौदाबाजार, युवा खूबचंद मिरी सहित अनेक बीजेपी कार्यकर्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कक्षा 10वीं की ऊर्जस्वि जांगड़े, सिमरन साहू, अवंतिका जायसवाल एवं लता साहू द्वारा सरस्वती वंदना से की गई। इसके बाद सेजेस बिलाईगढ़, सेजेस पवनी, कन्या शाला बिलाईगढ़, कस्तूरबा विद्यालय बिलाईगढ़ एवं पूर्व माध्यमिक शाला छुईहा सहित अनेक स्कूलों के छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। इसमें सेजेस पवनी के 42 छात्राओं के समूह ने सुवा नृत्य किया, जो आकर्षण का केन्द्र रहा। समर कैम्प लगाने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सेजेस स्कूल बिलाईगढ़ के कक्षा 10 वीं एवं कक्षा 12वीं में टॉप करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया।



## संकुल स्तर पर मना शाला प्रवेश उत्सव

खरोरा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला प्रांगण खरोरा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक कार्यालय प्रभारी सुमित सेन ने बच्चों को नियमित शाला आने के लिए कहा। कार्यक्रम अध्यक्ष पार्षद रश्मि वर्मा ने अनुशासन के महत्व को रेखांकित करते हुए पालकों से अपने घरों में बच्चों को अनुशासित करने का अनुरोध किया। भरत देवांगन हायर सेकंडरी स्कूल की प्राचार्य रजनी मिंज ने पढ़ाई के महत्व को समझाया। उप प्राचार्य हरीश देवांगन ने बच्चों को सभी प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। बीआरसीसी संतोष कुमार शर्मा ने शासन के विभिन्न प्रकार योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सीएसी देवेन्द्र सिंह ठाकुर, शिक्षक रमेश वर्मा, मोहित साहू ने किया। प्रधान पाठक सुशीला वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।

## आयोजन : शहादत दिवस पर शहीद संतराम साहू को दी गई श्रद्धांजलि

# नक्सलियों का डटकर सामना करते हुए शहीद हुए थे संतराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

राजनंदगांव जिले के मदनवाड़ा में 12 जुलाई को पुलिस- नक्सली मुठभेड़ के दौरान एसपी बीके चौबे सहित 29 जवान शहीद हो गए थे। उन 29 जवानों में एक जवान संतराम साहू भी थे, जो कसडोल के रहने वाले थे। संतराम की शहादत ने कसडोल का नाम अमर कर दिया और आज भी शहीद संतराम साहू जिले व नगर वासियों के दिलों में बसे हैं, जिन्हें शहादत दिवस पर बलौदाबाजार जिले के पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल कसडोल नगर पहुंचकर शहीद संतराम साहू के प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शहीद के पिता को साल श्रीफल और पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया।

विदित हो कि कि शहीद संतराम साहू को शहीद हुए 15 साल बीत चुके हैं, जिन्हें हर साल शहादत दिवस पर पुलिस परिवार द्वारा शहीद संतराम साहू को कसडोल नगर भवन के पास स्थापित मूर्ति पर माल्याअर्पण कर श्रद्धांजलि दी जाती है। शुक्रवार को पुलिस द्वारा शहीद संतराम साहू को उनके माता-पिता और परिवार को बुलाकर शहीद के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उनके शहादत और बलिदान को याद किया। इस दौरान एसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि बलिदान दिवस के अवसर पर शहीद के परिवार को साल श्रीफल दिया गया है। उन्होंने कहा कि घटना के कुछ समय पहले ही कैम्प के प्रभारी के तौर पर उनकी पदस्थापना राजनांदगांव में थी, लेकिन प्रमोशन होने के बाद अन्य जिलों में ट्रांसफर हो गया था। इसके बाद नक्सलियों से लोहा लेते हुये तत्कालीन एसपी सहित 29 जवान शहीद हो गए थे। इसके अलावा कार्यक्रम में नगर पंचायत की अध्यक्ष नीलू चंदन साहू ने कहा कि शहीद संतराम साहू का कार्यकाल प्रारंभिक तौर पर काफी तेजस्वी रहे हैं, लेकिन उनके शहादत दिवस पर आज उन्हें याद कर श्रद्धांजलि दी जा रही है। इसके अलावा पिछड़ा वर्ग के राजकुमार जायसवाल सहित पूर्व नपा अध्यक्ष योगेश बंजारे ने भी शहीद परिवार को साल श्रीफल भेंट किया। इस दौरान शहीद के परिवार सहित एसपी विजय अग्रवाल, एसडीओपी कौशल किशोर वासनिक, एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल, थाना प्रभारी रितेश मिश्रा, पार्षद गुनिराम साहू, रामखिलावन डहरिया, राजेश कन्नौजे, भावेश यादव, प्रशान्त जायसवाल, विनोद बंजारे, जोगी दवानी, सरपंच रामचंद ध्रुव सहित भारी संख्या में पुलिस बल और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### एसपी विजय अग्रवाल ने परिजनों को साल श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट किया








### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी हुआ सम्मान

नगर के शहीद संतराम साहू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में भी शहादत दिवस पर शहीद के पिता का सम्मान कर शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा ने कहा कि शहीद संतराम साहू बचपन से ही सभी प्रकार के खेल सहित पढ़ाई के क्षेत्रों में तेजस्वी रहे हैं। श्री मिश्रा ने इस दौरान स्वयं के खर्चो से अस्पताल परिसर में शहीद संतराम साहू की प्रतिमा भी 2 माह के अंदर बीएमओ रविशंकर अजगले को लगाने की बात कही। खंड चिकित्सा अधिकारी रविशंकर अजगले ने कहा कि शहीद संतराम साहू के शहादत दिवस पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल में श्रद्धांजलि अर्पित की गई है। साथ ही श्री साहू का बलिदान क्षेत्र के लिए अपूर्णीय क्षती रही है।

# प्रवेशोत्सव पर छात्रों को बांटी गई पुस्तकें और गणवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

सरस्वती शिशु मंदिर लाहोद में शाला प्रवेश उत्सव उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डी आर साहू थे। अध्यक्षता सरपंच महेंद्र डहरिया, उपसर पंच हंस राज साहू ग्राम पंचायत लाहोद, विशिष्ट अतिथि के रूप में सोहनलाल साहू, प्राचार्य दिनेश यादव थे। सत्र में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र और उपहार प्रदान किया गया। विद्यार्थियों को पुस्तक वितरण पर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया। संस्था के अध्यक्ष डी आर साहू ने विद्यार्थियों को खूब मन लगाकर पढ़ाई करने पर जोर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों के सम्पूर्ण विकास पर जोर दिया और पिछले सत्र के जागरूक पालकगण को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। सरपंच ने सभी नव प्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं दी एवं मन लगाकर पढ़ने प्रेरित किया। विद्यालय में प्रवेश उत्सव के इस अवसर पर न्योता भोज एवं पौधारोपण का आयोजन किया गया। न्योता भोज में विद्यार्थियों के साथ–साथ पालकगण, अतिथिगण एवं सभी शिक्षक शामिल हुए।

# आवारा मवेशियों की धरपकड़ जारी

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार उच्च न्यायालय के आदेश के परिपालन में आवारा मवेशियों की धरपकड़ का अभियान जारी है। इस क्रम में शुक्रवार को अभियान चलाकर नगर निगम जोन-6 की काऊकैचर टीम द्वारा जोन के क्षेत्र के तहत नरैया तालाब के पास पुलिस लाइन मार्ग में 10 आवारा मवेशियों की धरपकड़ काऊकैचर वाहन एवं विशेष टीम के श्रमवीरों की सहायता से की गई। इसी प्रकार जोन-4 की काऊकैचर टीम द्वारा जयस्तंभ चौक वार्ड क्रमांक 46 क्षेत्र से 2 और 2 पीडब्ल्यूडी चौक वार्ड क्रमांक 57 के एक तथा बूढ़ापारा वार्ड क्रमांक 45 से 1, इस प्रकार कुल 4 आवारा मवेशियों की धरपकड़ काऊकैचर वाहन और विशेष टीम के श्रमवीरों की सहायता से की गई।

# आरडी तिवारी स्कूल पीएम श्री योजना में मूणत के प्रयास को मिली सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर शहर के आरडी तिवारी स्कूल को पीएम श्री योजना में शामिल किया गया है। स्कूल को केंद्र सरकार की योजना में शामिल करवाने में पूर्व कैबिनेट मंत्री और स्थानीय विधायक राजेश मूणत की अहम भूमिका रही है। श्री मूणत ने बताया, पीएम श्री योजना में शामिल होने के बाद स्कूल को अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी, स्मार्ट क्लासरूम और बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस किया जाएगा।

श्री मूणत ने कहा, छत्तीसगढ़ में अब भाजपा की सरकार है। डबल



इंजन की सरकार होने का लाभ आमजनों को मिलना स्वाभाविक है। उन्होंने बताया, प्रधानमंत्री स्कूल फार राइजिंग इंडिया (पीएम श्री) योजना के तहत आरडी तिवारी स्कूल समेत 52 अन्य स्कूलों को शामिल कर लिया गया है। समग्र शिक्षा के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार ने इन स्कूलों के नामों पर अंतिम मुहर लगा दी है। श्री मूणत ने बताया, पीएमश्री योजना के दायरे में आने वाले स्कूलों में अटल टिंकरिंग लैब, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, वर्चुअल रियल्टी, रोबोटिक टेक्नोलाजी के साथ अध्ययन-अध्यापन की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके अलावा इन स्कूलों को ग्रीन स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा।

यहां सौर पॉवर की सुविधा होगी। इनडोर गेम सुविधा, कैरियर गाइडेंस, एक्सपोजर विजिट कराया जाएगा। अधोसंरचना के साथ आईसीटी स्मार्ट क्लास की सुविधा दी जाएगी।

# जैतखाम में तोड़फोड़ के दोषियों पर कार्रवाई और निर्दोषों की रिहाई के लिए बसपा ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर



बहुजन समाज पार्टी जिलास्तरीय आदरांजलि सभा व ज्ञापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी पार्टी सदस्य सारंगढ़–बिलाईगढ़ जिला में गुरु घासीदास पुष्पवाटिका ज्ञानस्थली सारंगढ़ में इकट्ठा होकर रैली की शक्ल में कलेक्टरोरेट पहुंचे और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने और निर्दोषों की रिहाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष भूपराम लहरे ने किया। सभी नेताओं ने तमिलनाडु के दिवंगत बसपा प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता के.आर्मस्ट्रांग को आदरांजलि अर्पित किए।

विदित हो कि 10 जून को बलौदाबाजार जिला के गिरौदपुरी स्थित अमरगुफा के जयस्तंभ को काटे जाने के विरोध में सीबीआई जांच की मांग को लेकर प्रान्त के सतनामी समाज द्वारा किए जा रहे शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान असामाजिक षडयंत्रकारी लोगों द्वारा तोड़ फोड़ आगजनी की घटना के कारण गिरफ्तार निर्दोष लोगों की निःशर्त रिहाई व आगजनी तोड़ फोड़ आदि आपराधिक कृत्य करने वाले दोषियों पर उचित कार्रवाई करने तथा अभी हाल ही में तमिलनाडु राज्य में वहां के बसपा प्रदेश अध्यक्ष अधिवक्ता के. आर्मस्ट्रांग की नृशंस हत्या करने की घटना पर सीबीआई जांच कर दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर शुक्रवार को राष्ट्रपति के नाम से प्रदेश के सभी 33 जिलों में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

# तहसीलदारों को मिला आश्वासन स्थगित की हड़ताल, मांग पूरी नहीं होने पर 22 से अनिश्चितकालीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के तहसीलदार और नायब तहसीलदार संघ ने शुक्रवार को प्रदेश राजस्व सचिव से मिले आश्वास के बाद हड़ताल स्थगित कर दी है। हालांकि हड़ताल स्थगित करने के साथ संघ ने चेतावनी भी दी है, यदि उनकी दो प्रमुख मांग आगामी 10 दिनों के भीतर पूरा नहीं किया जाता है तो आगामी 22 जुलाई से पुनः अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। संघ के प्रांताध्यक्ष नीलमणि दुबे ने बताया कि अपनी मांगों को लेकर उन्होंने प्रदेश राजस्व सचिव को ज्ञापन सौंपा था। इस ज्ञापन में तीन दिन की हड़ताल की घोषणा की थी।




हड़ताल के तीसरे दिन संघ के कार्यकारिणी सदस्यों ने पुनः राजस्व सचिव से अपनी मांगों को लेकर मुलाकात कर चर्चा की। इस चर्चा में तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर प्रमोशन में 50-50 प्रतिशत, नायब तहसीलदारों को राजपत्रित बनाए जाने तथा जजेस प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस आश्वासन के साथ इससे संबंधित फाइल को आगे बढ़ाने की बात भी कहीं गई है। इस आश्वासन के बाद संघ ने हड़ताल को स्थगित कर दिया है।

# बांग्लादेशी फ्लाइट का नहीं निकला हल चार करोड़ तक पहुंच गया पार्किंग किराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर पिछले नौ साल से खड़ी बांग्लादेश का इमरजेंसी लैंडिंग करने वाली फ्लाइट की वापसी का रास्ता अब तक नहीं निकल पाया है। खड़े-खड़े ही उसका किराया चार करोड़ तक पहुंच गया है। इस मामले को केंद्रीय स्तर पर सुलझाने का प्रयास किया जा रहा है, जिस पर अब तक बड़ी सफलता नहीं मिली है।

सात अगस्त को 2015 को ढाका से मस्कट की यात्रा के दौरान खराबी आने की वजह से इस एयरक्राफ्ट को रायपुर एयरपोर्ट पर उतारा गया था। उस दौरान यह कोई नहीं जानता था कि उस फ्लाइट की वापसी संभव नहीं होगी। लगभग 180 करोड़ रुपए लागत वाली इस फ्लाइट के यात्री दूसरे दिन अपने गंतव्य के लिए रवाना हो गए, कुछ दिन जांच और अन्य औपचारिकता पूरी कर एयरक्राफ्ट के पायलट सहित अन्य स्टाफ बांग्लादेश के लिए रवाना हो गए और फ्लाइट यहीं रह गई। नौ साल से यहीं खड़ी फ्लाइट का पार्किंग किराया जो अब लगभग चार करोड़ तक पहुंच गया है, उसकी


फाइल फोटो

वसूली के लिए नीलामी की प्रक्रिया पूरी करने केंद्रीय स्तर पर प्रयास चल रहा है।

इस मामले में शुरुआती दौर में 2 दर्जन से ज्यादा ई-मेल लिखने और विदेश मंत्रालय के दबाव के बाद अब इस एयरलाइंस कंपनी ने केंद्रीय और रायपुर एयरपोर्ट अथॉरिटी को विमान को बेचकर एयरपोर्ट की पार्किंग समेत दूसरे शुल्क अदा करने का भरोसा दिलाया था। इसके लिए विमानन कंपनी के प्रतिनिधि रायपुर आने वाले थे, मगर बाद में ऐसा कुछ हो नहीं पाया। सूत्रों का कहना है कि एयरक्राफ्ट पूरी तरह खराब हो चुका है।

### इंजन में लगी थी आग खेत में गिरा था हिस्सा

सफर के दौरान इस विमान का इंजन फेल हो गया था। इसमें 173 यात्री सवार थे। रायपुर से करीब 90 किलोमीटर दूर बेमेतरा में इंजन का एक हिस्सा आग लगने की वजह से टूटकर खेत में गिर गया था। उस समय इमरजेंसी में विमान को उतारने की अनुमति पायलट ने मांगी थी।

### ट्रायल भी हुआ था

शुरुआती दौर में इस बिगड़े एयरक्राफ्ट को काफी मशक्कत के बाद सुधारा गया था। विमानन कंपनी के प्रतिनिधि और पायलट यहां आए थे और इसका रनवे पर ट्रायल हुआ था, मगर उड़ान की अनुमति नहीं होने की वजह से इसे रोक दिया गया। उस दौरान अधिकारी अनुमति पत्र लाने गए और वापस ही नहीं लौटे।

## पेज 9 के शेष

### नशेड़ी बेटे ने ...

बेटे और परिवार जन में मारपीट की घटना होते रहने की खबर है। उक्त घटना के घटित होने के बाद भी पुलिस ने युवक को गिरफ्तार नहीं किया था। गंभीर चोटग्रस्त महिला जो कोमा में जा चुकी थी। 3 दिन बाद उसके मृत्यु के उपरांत पुलिस ने युवक को पकड़ा और उसे जेल भेजा और आगे की कार्रवाई जांच की जा रही है।

### स्पोकन इंग्लिश वर्कशॉप...

शालाओं के 164 शिक्षक–शिक्षिकाओं की प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें 37 संकुल के शिक्षकों को दो भाग में विभाजित कर अलग–अलग स्थानों पर वर्कशॉप की व्यवस्था की गई थी। मास्टर ट्रेनर के रूप में आयुषी चंद्राकर, दीपा अग्रवाल, शकुंतला साहू, प्रकाश कुमार प्रमुख रहे। प्रशिक्षण प्रभारी सुरेंद्र बंजारे, भुपेंद्र साहू और शैलेंद्र पटेल का विशेष सहयोग रहा।

### गांजा परिवहन करते ...

20(ठ) के उल्लंघल करने के आरोप में हरिशंकर साहू पिता रामकृपाल साहू सकिन मल्दी थाना बिलाईगढ़ और वाकेश्वर पिता शोभित राम वर्मा साकिन मल्दी थाना बिलाईगढ़ को गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस अधिनियम रायगढ़ के समक्ष पेश किया गया।

### तहसीलदार एवं नायब ...

पर पर जाने बाध्य होंगे। प्रांताध्यक्ष ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर प्रमोशन में 50 अनुपात 50 को लेकर एवं नायब तहसीलदारों को राजपत्रित बनाये जाने को लेकर राजस्व सचिव ने फाइल आगे बढ़ा दी है।

### शासन मांगें नहीं ...

इन्तजाम नहीं किए जाते हैं तथा तहसीलदार नायब तहसीलदारो का निर्वाचन इत्यादि से अटैचमेंट समाप्त नहीं किया जाता है और अधीक्षक सहायक अधीक्षक को तहसीलदार नायब तहसीलदार के पद से नहीं हटाया जाता है तो प्रदेश भर के समस्त तहसीलदार नायब तहसीलदार 22 जुलाई से इन दो प्रमुख मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### दिनभर चटक धूप, शाम को मौसम सुहाना

**बलौदाबाजार।** जाते–जाते ग्रीष्म ऋतु लोगों पर ऐसा सितम ढा रही है कि इन दिनों लोगों का हाल बेहाल है। बदले मौसम के बीच शाम के समय प्रायः हर रोज आसमान में छाने वाली बदली, हल्की तेज बारिश और चलने वाली ठंडी हवा लोगों को जितना सुकून दे रही है, उतनी ही यातना लोगों को पूरे दिन भुगतना पड़ रहा है। मौसम के इस मिजाज का असर जहां लोगों की दिनचर्या पर पड़ रहा है, वहीं उनकी सेहद पर भी इसके विपरीत प्रभाव देखे जा रहे हैं।

### सरकारी स्कूल के तीन छात्रों का आवासीय स्कूल में चयन



**गोपालपुर।** जिला मुख्यालय से मात्र 7 किलोमीटर दूरी पर पूर्व माध्यमिक शाला रक्शा में स्थित है, जहां आठवीं तक पढ़ाई होती हैं। स्कूल के समस्त स्टाफ एवं बच्चों की कड़ी मेहनत के फलस्वरूप केंद्र सरकार द्वारा आयोजित निःशुल्क श्रेष्ठा परीक्षा के पहले राउंड में विद्यालय के तीन छात्र शीतल जांगड़े, ज्योति लहरे, भूपेश जांगड़े का डीपीएस स्कूल रायगढ़ के आवासीय स्कूल में चयन होने पर स्कूल के समस्त स्टाफ ने बच्चों को बधाई दी है।

### आज अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की बैठक

**बलौदाबाजार।** न्यू सर्किट हाउस बलौदाबाजार में अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन एवं कर्मचारी अधिकारी की आवश्यक बैठक रखी गई है। बैठक में अधिकारी-कर्मचारी के समय मान वेतन, क्रमोन्नति, एरियस, पदोन्नति या किसी भी प्रकार का देयक पुराना रुका हो, ऐसे सदस्य जिलाध्यक्ष के मारफत या सीधे जिला संयोजक को आवेदन दे सकते हैं।

### राज्यपाल ने कालेले, दंडवते, पवार, ब्राह्मणकर को किया सम्मानित




**रायपुर।** महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व कर रहे महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले के साथ सचिव चेतन गोविंद दंडवते, महाराष्ट्र नाट्य मंडल के निर्देशक अनिल श्रीराम कालेले, मराठा समाज के मोहन पवार और कुनबी समाज के एसएस ब्राह्मणकर ने राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन का सूतमाला, शॉल, श्रीफल व स्मृति चिह्न से अभिनंदन किया। इससे पहले मंडल अध्यक्ष श्री काले ने अपने संक्षिप्त संबोधन में महाराष्ट्र के गौरवशाली इतिहास को स्पर्श करते हुए छत्तीसगढ़ में महाराष्ट्र मंडल समेत समस्त मराठी समाजों की गतिविधियों की जानकारी दी।

# आत्मानंद स्कूल में जनप्रतिनिधियों ने लगाए फलदार और छायादार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

आत्मानंद स्कूल में सारंगढ़ वन विभाग रेगुलर द्वारा एक पेड़ मां के नाम पर वृहद पौधारोपण कार्यक्रम वन महोत्सव आयोजित हुआ। स्कूल परिसर में भाजपा कांग्रेस के जनप्रतिनिधि, शिक्षक गण, छात्र–छात्राएं, पत्रकार के साथ पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। सारंगढ़ विधायक उत्तरी गणपत जांगड़े ने फलदार और छायादार पौधों के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर उन्हें नमन करते हुए पौधारोपण किया। भाजपा नेत्री शिव कुमारी सारधन चौहान, अनिका भारद्वाज जिला पंचायत सदस्य बैजन्ती लहरे जिला पंचायत सदस्य के साथ कांग्रेस और भाजपा नेता अरुण मालाकार जिला अध्यक्ष, संजय दुबे जिला उपाध्यक्ष, गोल्डी नायक संपादक जिला महामंत्री राकेश पटेल विनोद भारद्वाज, चिंता साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष, सारधन चौहान भाजपा नेता, कमल सिदार रामकुमार थूरिया ने फलदर और छायादार पौधों का रोपण किया।

उक्त अवसर पर विधायक उत्तरी जनपद जांगड़ा ने कहा आज एक मंच में हम सभी मिलकर पौधारोपण का संदेश आमजन को दे रहे हैं। पौधारोपण के साथ उनकी देखभाल और सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक है, जितना की पौधारोपण यह हम सब की जावेदारी है।

## एक पेड़ मां के नाम पर वन विभाग ने आयोजित किया वृहद पौधारोपण अभियान



### अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की

शिव कुमारी शारदा चौहान ने पौधारोपण को प्रथम दायित्व बताते हुए प्राकृतिक संतुलन बनाए रखना के लिए पौधारोपण नितांत आवश्यक बताया। जिला पंचायत सभापति अनिका भारद्वाज ने पौधारोपण के महत्व का संदेश दिया। जिला पंचायत सदस्य वैजयंती लहरे ने पौधारोपण करते हुए अधिक से अधिक पौधारोपण करने की अपील की। अरुण मालाकार जनपद सदस्य जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने वन विभाग द्वारा आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में अधिक पौधे लगाने की अपील की। उक्त अवसर पर रेंजर सेवक बाग, जोगेंद्र सिंह ठाकुर, कुलदीप बर्ग और वन विभाग की टीम ने मौजूद रही।

# न्यायाधीश और अधिवक्ताओं ने ग्राम गोरध में किया पौधारोपण

**पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, पौधों को ट्री गार्ड से सुरक्षित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल




नेशनल लोक अदालत के मौके पर व्यवहार न्यायालय कसडोल एवं अधिकारी कर्मचारी के लिए आवंटित भूमि ग्राम गोरधा में व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कसडोल बृजेश राय की अध्यक्षता में 13 जुलाई शनिवार को आम, कटहल, नीम, जामुन, सिंदूर एवं अन्य छायादार वृक्ष लगाकर उसे ट्री गार्ड से सुरक्षित किया गया। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार की महती योजना एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों सहित आम जनता द्वारा जगह जगह पौधारोपण किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्थानीय व्यवहार न्यायालय परिवार द्वारा पौधारोपण किया गया। इस मौके पर अभिभाषक संघ कसडोल के अध्यक्ष बलराम साहू, सचिव उदित निषाद, अधिवक्ता देवचरण पटेल, गायत्री कैवर्त, अनुराग मिश्रा, पुनेश्वरनाथ मिश्रा, मोहन महेंद्र, धनंजय अजगले, व्यवहार न्यायालय कसडोल के नायब नजीर प्रमोद कुमार मानिकपुरी, साक्ष्य लेखक लोकेश कुमार निर्मलकर, आदेशिका लेखक राजू डहरिया, दफ्तरी होल सिंह ध्रुव, भृत्य पवन कुमार मिरी, थाना कसडोल के आरक्षक हिमांशु सायतोड़े एवं राजेश नवरंगे उपस्थित थे।

### प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में पौधारोपण महोत्सव मना



**सिमगा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से एक पौधा अपनी मां के नाम से लगाने के लिए अपील की है। इसके अंतर्गत शनिवार को नगर पंचायत सिमगा के आदर्श प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्यालय में नीम, करंज, कदम, और गुलमोहर प्रजाति के पौधे लगाए गए। साथ ही पौधों को संरक्षित करके पानी डालने के लिए उपस्थित छात्रों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में लखन देवांगन वार्ड पार्षद, रुखमणी साहू, छोटे लाल यदु, नीरज शर्मा, माया सलूजा, गणेश देवांगन, परीक्षित चतुर्वेदी अधिवक्ता, दीनबंधु शर्मा, योगेश ताम्रकार विद्यालय परिवार से राजवर्धन भोंसले, शेष नारायण ध्रुव, टीका सोनकर, मनीषा पांडेय, श्रद्धा ताम्रकार, संगीता श्रीवास्तव, उत्तम जांगड़े, नितेश साहू आदि उपस्थिति थे।

### बीसी स्कूल में किया पौधारोपण और विविध कार्यक्रम

**खरोरा।** एबीसी पब्लिक स्कूल सारागांव में बच्चों ने पौधारोपण के साथ विभिन्न एक्टिविटीज का प्रदर्शन किया। इसमें नर्सरी से कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, तीसरी से कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों ने पौधारोपण, कक्षा छठवीं से आठवीं द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, कक्षा नवमीं एवं दसवीं के विद्यार्थियों ने पर्यावरण पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। इन सभी गतिविधियों में सभी छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अपने सभी एक्टिविटीज के माध्यम से समाज और प्रकृति के अनुरूप सकारात्मक सन्देश दिए।





# अधूरा काम छोड़कर जाने वाले ठेकेदार होंगे ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार/सरसींवां



- कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

कलेक्टर धर्मेश साहू की अध्यक्षता में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों में स्कूल जतन योजना के तहत जो काम हुआ है, उसका सत्यापन करें। कोई ठेकेदार यदि काम को अधूरा छोड़ा है तो उसे काम करने के लिए नोटिस दे और काम नहीं करने पर उसे ब्लैक लिस्ट करें। इसके साथ ही उसे अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए ओपन मार्केट से कार्य कराएं और उसका भुगतान करें। कलेक्टर ने कहा कि यदि अतिरिक्त भवन या कक्षा किसी सरकारी स्कूल या अन्य भवन के आसपास बनाया जाता है तो उस भवन को जोड़कर बनाएं। शौचालय को बीच में न बनाते हुए किनारे में बनाएं। बीच में होने से आगे पीछे का जगह अव्यवस्थित और बेकार हो जाती है। शौचालय मरम्मत का कार्य मनरेगा से करें। शौचालय चालू नहीं होने पर खराब होने की स्थिति निर्मित होती है, इसलिए शौचालय में पानी की उपलब्धता की व्यवस्था करें और शौचालय चालू रखें। स्कूलों में एकल या बहुल शिक्षक है, तो उनकी लिस्ट बनाकर सभी स्कूलों को बराबर शिक्षक उपलब्ध कराया जाए। यदि आसपास के स्कूलों में किसी विषय का एक ही शिक्षक है तो उस शिक्षक को अन्य स्कूलों में अध्यापन की जिम्मेदारी दी जाए और वह शिक्षक उस जिम्मेदारी का पालन अच्छे से करें। कलेक्टर ने कहा कि बिना सक्षम अधिकारी के पूर्व अनुमति और सुनियोजित ढंग से स्कूलों में बिना स्वीकृति के यदि कोई आकस्मिक अवकाश का आवेदन देकर जाता है, ऐसे पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जिन स्कूली बच्चों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, ऐसे बच्चों का तत्काल कार्ड प्रभारी बनवाएं।

### मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात, जताया आभार

**रायपुर।** कोटवार ए सिचुएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के प्रांतीय अध्यक्ष प्रेम किशोर बाग एवं प्रांतीय प्रमुख सलाहकार अनिल श्रीवास्तव ने बताया कि संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। जिस पर सीएम ने 6 माह के रुके 16000 कोटवारों के वेतन के लिए आवंटन 6 करोड़ रुपए तत्काल देने के निर्देश दिए और कोटवारों को वेतन मिला। कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया, साथ ही निर्णय लिया कि मुख्यमंत्री का स्वागत एवं सम्मान राजधानी रायपुर में 16000 कोटवारों के प्रांतीय सम्मेलन में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संघ के प्रतिनिधिमंडल का अनुरोध स्वीकार करते हुए कोटवारों के राजधानी रायपुर में आयोजित सम्मेलन में पहुंचने की स्वीकृति दी। इस दौरान संघ के प्रवक्ता गिरवर मानिकपुरी, त्रिलोकी दास एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता सच्चिदानंद उपासने शामिल रहे।

## बंदियों को जेलों में कराया जा रहा है योगाभ्यास



**बलौदाबाजार।** प्रदेश के जेलों में बंदियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए योग शिविरों का आयोजन करने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इसके तहत प्रदेश के समस्त जेलों में आयुर्वेद चिकित्सा निदान शिविर आयोजित कर एवं योगाभ्यास कराकर स्वस्थ रखने में सहयोग होगा। जिला जेल बलौदाबाजार में सुबह 6.30 बजे से योगाभ्यास कराया जा रहा है। आज 45 बंदियों ने योगाभ्यास में भाग लिया। अनुलोम विलोम से पुराना सर्दी खांसी, चर्मरोग, ब्लड प्रेसर, शुगर रोग ठीक होता है। इसी प्रकार कपालभाति से समस्त उदररोग इसी प्रकार से सभी बीमारियों में लाभ मिलता है। चिकित्सक डॉ. एलएस ध्रुव, योग शिक्षक हेमंत टिकरिहा द्वारा कराया जा रहा है।

## संयंत्र ने 90 प्रशिक्षुओं को दिया ब्यूटीशियन और ड्रेस मेकिंग ट्रेड का प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



स्वावलम्बन एवं आर्थिक आत्मानिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए अल्ट्राटेक रावन सी एसआर द्वारा तीन माह का ब्यूटीशियन तथा ड्रेस मेकिंग कोर्स ग्राम झीपन एवं पेंड्री में आयोजित किया गया। इस दौरान सफल प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत पदाधिकारी तथा गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर ने इन दोनों सुदूर गांवों में ग्रामीण स्तर पर ही प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की थी। इन केन्द्रों पर संबंधित उपकरण मशीन, अनुभवी प्रशिक्षकों की व्यवस्था कर प्रशिक्षण को सुगम बनाने में सहयोग किया गया। इन सुदूर गांवों में ऐसी व्यवस्था से प्रशिक्षणार्थियों को ड्रेस मेकिंग ट्रेड में परम्परागत तथा आधुनिक वस्त्रों की सिलाई तथा विक्रय करने पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

वहीं ब्यूटीशियन ट्रेड के समस्त पहलुओं पर सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण पदान कर इन्हें पारंगत बनाया गया। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में सीएसआर हेड विनोद श्रीवास्तव ने प्रशिक्षण उपरान्त इन तकनिकी कोर्सो को ज्यादा से ज्यादा प्रैक्टिस करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि निरन्तर प्रयास से दक्षता की ओर अग्रसर होंगे और प्रभावी रुप से आय अर्जन कर पायेंगे। वहीं सीएसआर अधिकारी ज्योत्सना पति एवं रंजय पाण्डेय ने इस ट्रेड में रोजगार के अवसर के विभिन्न अवसर को परिचित करा कर प्रशिक्षणार्थियों का मनोबल बढ़ाया।

## बाल कैबिनेट ने ली शपथ



**बगबुड़ा।** शासन की योजना अनुसार सभी स्कूलों में बाल कैबिनेट का गठन किया जाना है। इसी कड़ी में शासकीय प्राथमिक शाला खैन्दा में शाला स्तर पर चुनाव प्रक्रिया से बाल कैबिनेट का गठन किया गया। इसमें चयनित समस्त सदस्यों को शनिवार बैगलेश डे में शाला के समस्त छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं संकुल प्रभारी रामूलाल लहरे प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लवन के उपस्थिति में शपथ ग्रहण कराया गया। इसमें शाला पति– अनुज वर्मा, लक्ष्मी साहू, प्रधानमंत्री– आदित्य कुमार वर्मा, शिवांगी वर्मा, सचिव–शिवानंद दास वैष्णव नोना कोसले के अलावा विभिन्न पदों में अनूप रजक, गायत्री साहू, लीलाधर यादव, चित्रलेखा वर्मा, दिलेश्वरी, निशा, विद्यासागर, आर्यन वर्मा, जिज्ञासा बंजारे, मीनाक्षी वर्मा, लालिमा, चंचल, रणवीर पात्रे, सानिया कैवर्त्य, सितेश्वरी साहू, खुशी साहू, टिकेश वर्मा, सचिन कोसले, सितेश कुमारी वर्मा, साकेत वर्मा, योगिता सेन, सरजू राम, दामिनी निषाद, एलिजा घृतलहरे, काव्यांजलि कुर्रे, दिवाकर निषाद, राजवीर निर्मलकर, परमेश्वरी, चंचल यादव का चयन हुआ। जिन्होंने अपने–अपने चयनित पद को पूरी ईमानदारी और लगन के साथ निभाने का संकल्प लिया।

## बच्चों ने जाना बाढ़ से बचाव के उपाय



**खरोरा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बरडीह में बाढ़ एवे संबंधित खतरो से बचाव और उपाय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शाला प्रमुख मनहरण लाल वर्मा, शिक्षक विशेषर वर्मा, चरित ध्रुव, संजय बंछोर एवं हेमकुमारी साहू उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री शाला सुरक्षा कार्यक्रम के तहत द्वितीय शनिवार को बच्चों को बताया गया कि बाढ़ क्या है। बाढ़ के खतरों से कैसे बचाया जा सकता है। जब हमारे आस पास लगातार लम्बे समय तक घनघोर बारिश होती है तब चारों ओर जल मग्न हो जाता है। पानी भूमि के ढलान की ओर बहता है जिससे नाले, नदियों में पानी का उफान आता है इसे बाढ़ कहते हैं। बाढ़ के समय हमें नालों और नदियों के आस पास नहीं जाना चाहिए। बरसात शुरू होने से पहले हमे अपने घरों में आपातकालीन किट की व्यवस्था कर लेनी चहिए। यदि बाढ़ के समय घर से बाहर जाना जरूरी भी हो तो नाले एवं नदियों की गहराई जाने बिना पानी में नहीं जाना चाहिए। इस प्रकार की सावधानी का पालन कर हम बाढ़ के खतरों से अपना एवं अपने आस पास के लगों का बचाव कर सकते हैं।

**सकरी के प्राथमिक स्कूल में वर्मा परिवार ने आयोजित किया कार्यक्रम**

# न्योता भोज में सहभागी बने छात्र-छात्राएं सहित ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा किए गए अभिनव पहल न्योता भोज का कार्यक्रम अब धरातल पर फली भूत होते नजर आ रहा है। ग्रामीण पालकगण इस कार्यक्रम में विशेष रुचि ले रहे हैं, इसमें अब गांव में प्रतिस्पर्धा के रूप में स्कूलों में एक अलग से खुशनुमा माहौल तैयार हो रहा है। पालकों द्वारा प्रत्येक माह जन्मोत्सव कार्यक्रम या पुण्यतिथि को स्कूलों में एक साथ सबके उपस्थिति में मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम सकरी के वर्मा परिवार के स्व दूज बाई वर्मा की पूण्य स्मृति में उनके पति टिकाराम वर्मा पुत्र नामदेव वर्मा द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला भवन में न्योता भोज का आयोजित किया गया। न्योता भोज में प्राथमिक शाला परिवार के सभी छात्र–छात्राएं, शिक्षक एवं ग्राम पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहभागिता निभाया। न्योता भोज कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सकरी के सरपंच पुराईन साहू, पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा, उप सरपंच ओंकार साहू कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद वर्मा परिवार द्वारा पंचायत पदाधिकारिरयों की उपस्थित सभी छात्र–छात्राओ एवं नागरिकों को खीर-पूरी, सब्जी, चटनी, पापड़, अचार, चावल दाल सहित विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसा गया। न्योता भोज कार्यक्रम में वर्मा परिवार के आयोजक टीकाराम वर्मा, नामदेव वर्मा, ग्राम पंचायत सकरी के सरपंच पुराइन साहू, पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा, उप सरपंच ओंकार साहू, पंच चंद्रकांत साहू, भारती वर्मा, शाला परिवार के शिक्षक परमानंद पटेल, सीमा ध्रुव, कामिनी, किरण बघेल, सरिता जायसवाल, सरोज वर्मा, दुर्गा साहू सहित वर्मा परिवार के देवेंद्र वर्मा, नामदेव वर्मा, सरोज वर्मा, भारती वर्मा, गिरजा शंकर वर्मा, गौरी शंकर वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

**मार्कशीट गुम की सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं दीपांशु वर्मा पिता दौलतराम वर्मा, निवासी- ग्राम- धाराशिव, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा का निवासी हूँ। मैंने वर्ष 2019-20 में अपनी कक्षा आठवीं की पढ़ाई सेक्रेट हाई स्कूल बलौदाबाजार से की थी। जिसकी अंकसूची कही गुम हो गयी है। तथा खोजने पर भी नही मिल पायी है। अतः मैं अपनी गुम कक्षा आठवीं की मार्कशीट की दूसरी सत्यापित प्रतिलिपि प्राप्त करना चाहता हूं। इस संबंध में नियमानुसार सर्वसाधारण को सूचित करते हुए मेरे द्वारा यह आम सूचना प्रकाशित करायी गयी है।

आवेदक- दीपांशु वर्मा,
पिता श्री दौलत राम वर्मा
निवासी- ग्राम धाराशिव,
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा
मो. 7247278847


मा. नरेन्द्र मोदी
मा. जे.पी. नड्डा
मा. विष्णुदेव साय
मा. किरणदेव
मा. गौरीशंकर अग्रवाल
मा. सनम जांगड़े
मा. शिवरतन शर्मा
मा. श्याम बिहारी जायसवाल
रायपुर लोकसभा क्षेत्र से नव निर्वाचित लोकप्रिय सांसद
मान. बृजमोहन अग्रवाल जी
के आज नगर आगमन पर बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र वासियों की ओर से
हार्दिक वंदन....
अभिनंदन...
मान. बृजमोहन अग्रवाल जी
सांसद
रायपुर लोकसभा क्षेत्र
मान. टंकराम वर्मा जी
मंत्री राजस्व एवं आपदा प्रबंधन
खेल एवं युवा कल्याण विभाग छ.ग.
कार्यक्रम
स्वागत एवं अभिनंदन समारोह
स्थान - नगर भवन बलौदाबाजार
समय - दोपहर 3 बजे
विजय केशरवानी
वरिष्ठ भाजपा नेता
चितावर जायसवाल
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद
बलौदाबाजार
संजू पटेल
भाजपा नेता
बलौदाबाजार
रोहित साहू
सभापति नगर पालिका परिषद
बलौदाबाजार
योगेश अग्रवाल
भाजपा नेता
बलौदाबाजार
अशोक जैन
पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष
बलौदाबाजार